दिनांक 8 मई 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

टैक्स जमा करने के लिए निगम मुख्य कार्यालय में खुला अतिरिक्त काउंटर , सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने की गई व्यवस्था

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त कक्ष स्थापित किया गया है ताकि सोशल डिस्टेंस मेंटेन किया जा सके! निगम में विभिन्न प्रकार के टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए सोशल डिस्टेंस मेंटेन करना आवश्यक है! जिसके तहत अतिरिक्त कक्ष में टैक्स काउंटर खोला गया है! गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के संपत्ति कर जमा करने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तिथि में इजाफा करते हुए 15 मई तक के लिए बढ़ाया है! जिससे संपत्ति कर जमा करने आने वाले लोगों की भीड़ न हो इसलिए पूर्व काउंटर के अतिरिक्त पूर्व वाहन शाखा के समीप अन्य कक्ष अस्थाई तौर पर स्थापित किया गया है! कई कर दाता घर बैठे ऑनलाइन भी टैक्स जमा कर रहे हैं ऐसे 360 से अधिक लोगों ने ऑनलाइन टैक्स जमा किया है!तिथि बढ़ने के बाद निगम मुख्यालय सहित जोन कार्यालय में टैक्स जमा करने वालों में बढ़ोतरी हुई है! निगम मुख्यालय के अतिरिक्त नजदीकी जोन कार्यालयों में भी संपत्तिकर जमा किए जा सकते हैं इसके लिए स्पैरो सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड ने जोन कार्यालयों में व्यवस्था की हुई है!

जनसंपर्क अधिकारी